करंट विज़न (हिन्दी दैनिक) औरैया/राष्

# सैन्ट्रल बैंक द्वारा जनता कालेज बकेवर में एक दिवसीय गोष्ठी का हुआ आयोजन

**करंट विज़न संवाददाता**

बकेवर, इटावा। जनता कॉलेज बकेवर के संगोष्ठी सभागार में जनता कॉलेज बकेवर वाणिज्य संकाय एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बकेवर के संयुक्त तत्वाधान में अपने पैसे की सुरक्षित बचत कैसे करें विषय पर आध ारित एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया द्य गोष्ठी का उद्घाटन कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार, बकेवर शाखा प्रबंधक सौरभ कनोडिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी का आयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजल मोहम्मद आलम के निर्देशन में किया गया।जिसमें मौजूद मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार ने लोगों के लिए सहायता के लिए बैंक की बचत की कई योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मकान निर्माण के सेंट लोन योजना पर न्यूनतम 8.80 प्रतिशत से अधिकतम 9.35 प्रतिशत वार्षिक दर पर लोन बैंक द्वारा दिया जाता है। सेंट गृह लक्ष्मी लोन महिला के नाम से क्रय भूखंड पर वार्षिक 8. 40 प्रतिशत से 9.20 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है ,सेंट वाहन लोन पर ब्याज दर 9.25 से 10.15 प्रतिशत वार्षिक दर होती है, व्यक्तिगत लोन 12.35 प्रतिशत से 12.55 वार्षिक दर पर तथा छात्रों की शिक्षा हेतु शिक्षा ऋण/सात लाख तक बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के प्रदान किया जाता है, इसकी वार्षिक दर 8.30 से 11.25 प्रतिशत तक वार्षिक




होती है। सेंट्रल बैंक बकेवर शाखा के प्रबंधक सौरभ कनोडिया ने बचत योजनाओं से संबंधित वित्तीय परामर्श में बताया कि वर्तमान में 18 से 30 आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए सेंट युवा योजना अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है,यह योजना ऑनलाइन भी बैंक उपभोक्ता द्वारा ली जा सकती है, इस योजना पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत रुपए दो लाख का बीमा व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। दूसरी योजना सेट सुरक्षित समृद्धि योजना 18 से 50 वर्ष के व्यक्तियों को लाभान्वित करती है,इसे न्यूनतम दस हजार से एक लाख रुपए तक प्रति माह जमा कर सकते हैं ,जो कि 7 वर्ष बाद प्रिंसिपल इंस्टॉलमेंट का 100 गुना धनराशि प्रदान कराने के साथ प्रिंसिपल इंस्टॉलमेंट का100 गुना लाइफ इंश्योरेंस भी प्रदान किया जाता है, लोन की सुविधा भी इस योजना में प्रदान की जाती है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जो इस योजना में पैसा जमा करते हैं। उन्हें 8.2 प्रतिशत ब्याज दर से भुगतान किया जाता हैद्य सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत आयु वर्ग 10 वर्ष से छोटी बालिकाओं हेतु एक परिवार की कुल 2 बेटियों के लिए न्यूनतम रुपए 250 से लेकर अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक वार्षिक जमा करने वाली योजना पर 8 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान की जाती है, इस योजना की पूर्ण अवधि 21 वर्ष होती है, किंतु बालिका के अध्ययन या विवाह की स्थिति में 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर समय पूर्व भुगतान भी प्राप्त किया जा सकता हैद्य बैंकिंग बाजार के अन्य योजनाओं की तुलना में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया तुलनात्मक रूप से सर्वाधिक ब्याज दर प्रदान करने वाली बैंक के रूप में विख्यात है, जिसमें 1 वर्ष से 2 वर्ष तक की एकमुश्त जमा धनराशि पर सर्वाधिक 6.75 प्रतिशत ब्याज दिया जाता है।

गोष्ठी कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि समाज में आय प्राप्ति के बाद व्यक्ति की बचत ही उसके जीवन की आगामी जरूरतों को पूर्ण करती है, पैसे की सुरक्षित बचत के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन वर्तमान समय की प्रासंगिक मांग है, इस तरह के आयोजन छात्र–छात्राओं को जानकारी देकर सामाजिक जागरूकता हेतु प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं, डॉ त्रिपाठी ने कॉलेज के प्रवेशार्थी छात्रों हेतु घर बैठे ऑनलाइन आवेदन शुल्क की धनराशि जमा करने की सुविधा प्रदान करने हेतु सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बकेवर शाखा की प्रशंसा की।

इस व्यवस्था पर छात्रों द्वारा सभागार में बकेवर शाखा का तालियां बजाकर सम्मान व आभार व्यक्त किया गयाद्य कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का आभार वाणिज्य संकाय के डॉ योगेश शुक्ला द्वारा किया गयाद्यसंचालन वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ गोपीनाथ मौर्या द्वारा किया गयाद्य कार्यक्रम में मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय, डॉ. पी. के. राजपूत ,डॉ. एम पी यादव, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ. संतोष चंदेल, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ ललित गुप्ता, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ.आनंद सिंह , डॉ संतोष चंदेल, कुलदीप अवस्थी, पवन सक्सेना, सुबोध शुक्ला,गजेंद्र सिंह सेंगर,देवेश चतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार दोहरे , अश्वनी कुमार मिश्र, हर्ष शर्मा, आकांक्षा सहित कालेज के दो सैकड़ा से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया ,कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय का विशेष सहयोग रहा

# जनता कालेज में बैंकिंग को लेकर कार्यशाला

**बकेवर (एसएनबी)।** जनता कालेज बकेवर के संगोष्ठी सभागार में जनता कालेज बकेवर एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा बकेवर के संयुक्त तत्वाधान में अपने पैसे की सुरक्षित बचत कैसे करें विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यशाला का शुभारंभ सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार, बकेवर शाखा प्रबंधक सौरभ कनोडिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ मंचस्थ अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं शल अलंकरण कर अभिनंदन कर किया गया

कार्यशाला की सार्थकता बताने के क्रम में अध्यक्षीय ओधन में प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि समाज में आय प्राप्ति के बाद व्यक्ति की बचत ही उसके जीवन की आगामी जरूरतों को पूर्ण करती है, पैसे की सुरक्षित बचत के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन वर्तमान समय की प्रासंगिक मांग है, इस तरह के आयोजन छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर सामाजिक जागरूकता हेतु प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं, डा. त्रिपाठी ने कालेज के प्रवेशार्थी छात्रों हेतु घर बैठे आनलाइन आवेदन शुल्क की धनराशि जमा करने की सुविधा प्रदान करने हेतु सेंट्रल बैंक आफ इंडिया बकेवर शाखा की प्रशंसा की। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का आभार वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता डा. योगेश शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डा. गोपीनाथ मौर्या द्वारा किया गया।

# रुपयों की बचत जरूरतों को पूरा करती है

संवाददाता बकेवर, इटावा



सुरक्षित बचत के लिए कार्यशाला में पहुंचे प्राचार्य डॉ . राजेश को बुके भेंट करते आयोजक।

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बकेवर के संयुक्त तत्वावधान में अपने पैसे की सुरक्षित बचत कैसे करें विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। टाटा लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज शर्मा ने कार्यशाला के शुभारंभ में बताया कि वित्तीय जागरूकता ही निवेशक की धनराशि को भविष्य के लिए सुरक्षित करती है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार ने ऋण योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मकान निर्माण के सेंट लोन योजना पर न्यूनतम 8.80 से अधिकतम 9.35 प्रतिशत वार्षिक दर पर ऋण दिया जाता है। सेंट गृह लक्ष्मी लोन महिला के नाम से क्रय भूखंड पर वार्षिक 8.40 से 9.20 प्रतिशत पर ऋण दिया जाता है। सेंट वाहन लोन पर ब्याज दर 9.25 से 10.15 प्रतिशत होती है। व्यक्तिगत लोन 12.35 से 12.55 प्रतिशत वार्षिक दर पर तथा छात्रों की शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण सात लाख रुपये तक बिना गारंटी के प्रदान किया जाता है। इसकी वार्षिक दर 8.30 से 11.25 प्रतिशत तक वार्षिक होती है। अन्य प्रकार के लोन में बिना गारंटी के अकाउंट आधारित पांच लाख रुपये तक का लोन बैंक से दिया जाता है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बकेवर के शाखा प्रबंधक सौरभ कनोडिया ने बताया कि वर्तमान में 18 से 30 आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए सेंट युवा योजना अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है। यह योजना ऑनलाइन भी बैंक उपभोक्ता ले सकते हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर रुपये दो लाख का बीमा प्रदान किया जाता है। दूसरी योजना सेंट सुरक्षित समृद्धि योजना नौकरी से जुड़े 18 से 50 वर्ष के व्यक्तियों को लाभान्वित करती है,इसे न्यूनतम दस हजार से एक लाख रुपये तक प्रति माह जमा कर सकते हैं ,जो कि 7 वर्ष बाद 100 गुना धनराशि प्रदान कराने के साथ इस योजना पर लोन भी लिया जा सकता है।

प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि व्यक्ति की बचत ही उसके जीवन की आगामी जरूरतों को पूर्ण करती है। पैसे की सुरक्षित बचत के प्रति जागरूक करना समय की प्रासंगिक मांग है। वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता डॉ योगेश शुक्ला ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय, डॉ. पी. के. राजपूत ,डॉ. एम पी यादव, डॉ. नलिनी शुक्ला ,डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ. संतोष चंदेल , डॉ धर्मेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार मिश्र, हर्ष शर्मा, आकांक्षा का विशेष सहयोग रहा।

# सुरक्षित बचत हेतु वित्तीय जागरूकता ही बचतकर्ता की धनराशि में करती है गुणात्मक वृद्धि:प्राचार्य



बकेवर, २० मई (निप्र)। जनता कालेज बकेवर के संगोष्ठी सभागार में जनता क लेज बकेवर एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा बकेवर के संयुक्त तत्वाधान में अपने पैसे की सुरक्षित बचत कैसे करें विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा राजेश किशोर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यशाला का शुभारंभ सेंट्रल बैंक अ फ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार, बकेवर शाखा प्रबंधक सौरभ कनोडिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ मंचस्थ अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं श ल अलंकरण कर अभिनंदन कर किया गया।

टाटा लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री पंकज शर्मा ने कार्यशाला के शुभारंभ उद्बोधन में बताया कि बचतकर्ता को उसके पैसों की सुरक्षित बचत के प्रति वित्तीय जागरूकता ही उसकी धनराशि को भविष्य में सुरक्षित करती है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार ने लोन योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मकान निर्माण के सेंट लोन योजना पर न्यूनतम ८.८० प्रतिशत से अधिकतम ९.३५ प्रतिशत वार्षिक दर पर लोन बैंक द्वारा दिया जाता है। सेंट गृह लक्ष्मी लोन महिला के नाम से क्रय भूखंड पर वार्षिक ८.४० प्रतिशत से ९.२० प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है ,सेंट वाहन लोन पर ब्याज दर ९.२५ से १०.१५ प्रतिशत वार्षिक दर होती है, व्यक्तिगत लोन १२.३५: से १२. ५५ वार्षिक दर पर तथा छात्रों की शिक्षा हेतु शिक्षा ऋण सात लाख तक बिना गारंटी के प्रदान किया जाता है, इसकी वार्षिक दर ८.३० रुपए तक का लोन बैंक द्वारा दिया जाता है।

सेंट्रल बैंक अ फ इंडिया बकेवर के शाखा प्रबंधक श्री सौरभ कनोडिया ने बचत योजनाओं से संबंधित वित्तीय परामर्श उद्बोधन में बताया कि वर्तमान में १८ से ३० आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए सेंट युवा योजना अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है,यह योजना अ नलाइन भी बैंक उपभोक्ता द्वारा ली जा सकती है, इस योजना पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत ध्२० वार्षिक प्रीमियम पर रुपए दो लाख का बीमा व्यक्ति को प्रदान किया जाता हैद्य दूसरी योजना सेट सुरक्षित समृद्धि योजना नौकरी से जुड़े १८ से ५० वर्ष के व्यक्तियों को लाभान्वित करती है,इसे न्यूनतम दस हजार से एक लाख रुपए तक प्रति माह जमा कर सकते हैं ,जो कि ७ वर्ष बाद १०० गुना धनराशि प्रदान कराने के साथ इस योजना पर लोन भी लिया जा सकता हैद्य वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में ६० वर्ष तक के व्यक्ति जो इस योजना में पैसा जमा करते हैं, उन्हें ८.२ प्रतिशत ब्याज दर से भुगतान किया जाता हैद्य सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत आयु वर्ग १० वर्ष से छोटी बालिकाओं हेतु एक परिवार की कुल २ बेटियों के लिए न्यूनतम रुपए २५० से लेकर अधिकतम १.५ लाख रुपए

ा २१ वर्ष होती है, किंतु बालिका के अध्ययन या विवाह की स्थिति में १८ वर्ष आयु वर्ग पर ५० प्रतिशत तक भुगतान प्राप्त किया जा सकता हैद्य बैंकिंग बाजार के अन्य योजनाओं की तुलना में सेंट्रल बैंक अ फ इंडिया तुलनात्मक रूप से सर्वाधिक ब्याज दर प्रदान करने वाली बैंक के रूप में विख्यात है, जिसमें १ वर्ष से २ वर्ष तक की एकमुश्त जमा ध नराशि पर सर्वाधिक ६.७५ प्रतिशत ब्याज दिया जाता है।

कार्यशाला की सार्थकता बताने के क्रम में अध्यक्षीय उद्बोध न में प्राचार्य डा राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि समाज में आय प्राप्ति के बाद व्यक्ति की बचत ही उसके जीवन की आगामी जरूरतों को पूर्ण करती है, पैसे की सुरक्षित बचत के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन वर्तमान समय की प्रासंगिक मांग है, इस तरह के आयोजन छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर सामाजिक जागरूकता हेतु प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं, ड त्रिपाठी ने क लेज के प्रवेशार्थी छात्रों हेतु घर बैठे अ नलाइन आवेदन शुल्क की धनराशि जमा करने की सुविधा प्रदान करने हेतु सेंट्रल बैंक आफ इंडिया बकेवर शाखा की प्रशंसा की, इस व्यवस्था पर छात्रों द्वारा सभागार में बकेवर शाखा का तालियां बजाकर सम्मान व आभार व्यक्त किया गयाद्य कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का आभार वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता डा योगेश शुक्ला द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डा गोपीनाथ मौर्या द्वारा किया गया।